## पाठ्यक्रम का अर्थ (Meaning of Curriculum) →

अंग्रेजी भाषा में पाठ्यक्रम के लिए करीक्यूलम (Curriculum) शब्द का प्रयोग किया जाता है। करीक्यूलम लैटिन भाषा का शब्द है जिसका अर्थ 'दौड़ का मैदान' (Race course)। यहाँ पर दो शब्द दौड़ तथा मैदान प्रयुक्त किये गये हैं। मैदान का अर्थ पाठ्यक्रम और दौड़ का अर्थ छात्रों द्वारा अनुभव एवं उनकी क्रियाओं से है। शिक्षक पाठ्यक्रम की सहायता से अपनी क्रियाओं शिक्षण क्रियाओं का सम्पादन करता है जिसमें छात्र अनुभव तथा क्रियायें करके अपना विकास करता है और अपने गन्तव्य स्थान तक पहुँच जाता है इस प्रकार, छात्र मैदान में दौड़कर अपने लक्ष्य तक पहुँचने में सफलता प्राप्त करता है। पाठ्यक्रम के व्यवस्थित स्वरूप (रूप) को पाठ्यक्रम की संज्ञा देते हैं, जो छात्रों छात्रों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए तैयार किया जाता है।

शिक्षा के अर्थ के बारे में दो धारणाएँ है- संकुचित अर्थ में शिक्षा केवल स्कूली शिक्षा या पुस्तकीय ज्ञान तक ही सीमित रहता है। विस्तृत अर्थ में पाठ्यक्रम के अन्तर्गत वे सभी अनुभव आ जाते हैं जिसे एक नई पीढ़ी अपनी पुरानी



पीढ़ियों से प्राप्त करती है।




Scanned with CamScanner

परिभाषा (Definition) →

कनिंघम के अनुसार "पाठ्यक्रम कलाकार (शिक्षक) के हाथ में एक साधन है जिससे वह अपनी सामग्री (शिक्षार्थी) को अपने आदर्श, उद्देश्य के अनुसार अपनी चित्रशाला (विद्यालय) में ढाल सकता है।"

According to Cunningham, "The curriculum is a tool in hands of Artist (Teacher) to mould this material (the Pupil) according to his ideas (objective) in his studio (the school)."

मुनरो के अनुसार, "पाठ्यक्रम सारे अनुभवों को अपने में सम्मिलित करता है जिसका प्रयोग विद्यालय द्वारा बालक को शिक्षित करने के उद्देश्य से होता है।"

According to Munro, "curriculum includes all the Experience which are utilized by the school to attain the aim of Education.

फ्रोबेल के अनुसार, "पाठ्यक्रम सम्पूर्ण मानव जाति के ज्ञान एवं अनुभव का प्रतिरूप होना चाहिए।"

According to Froebel, "curriculum should be conceived as an epitome of the rounded whole of the Knowledge and experience of the human race."

हार्न के अनुसार, "पाठ्यक्रम वह है जो बालकों को पढ़ाया जाता है। यह शान्तिपूर्ण पढ़ने या सीखने से अधिक है। इसमें उद्योग, व्यवसाय, ज्ञानोपार्जन, अभ्यास और क्रियायें सम्मिलित है।"



Scanned with CamScanner

According to Horne, "curriculum is that which is taught to the students. it is more than reading and writing it includes paractice, Activities, industry, vocation and Acquiring Knowledge."